an>

Title: Need to develop "Gram Bateshwar", the birthplace of Shri Atal Bihari Vajapyee as a tourist place.

श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं उस क्षेत्र से आता हूं, जहां माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मस्थल है।...(व्यवधान) बटेश्वर एक बहुत ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन क्षेत्र है।...(व्यवधान) वहां पर द्वापर में भगवान कृष्ण के बाबा सूर सिंह जी पैदा हुए थे और उस वजह से सौरीपुर नाम का गांव है।...(व्यवधान) वहां पर बलराम और कृष्ण जी का बंटवारा हुआ, उसकी वजह से बटेश्वर उस धाम का नाम पड़ा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि उस बटेश्वर धाम को माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म भूमि होने के नाते एक पर्यटक स्थल के रूप में ऐतिहासिक बनाया जाए।...(व्यवधान) वहां पर एक सौ आठ मन्दिर बने हुए हैं, वे काशी से किसी भी सूरत में कम नहीं हैं।...(व्यवधान) वहां पर एक बहुत अदभूत् जगह है, जमुनाजी का बहाव पूर्व से पश्चिम की तरफ बहता है।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि माननीय मंत्री जी इसे जरूर संज्ञान में लेते हुए, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की भावनाओं की कद्र करते हुए उसको ऐतिहासिक रूप में, धरोहर के रूप में पर्यटक स्थल घोषित किया जाए।...(व्यवधान) तथा विकास किया जाए।

- आगरा से बटेश्वर जाने वाला बाह्य आगरा मार्ग की स्थिति बहुत ही जर्जर हालात में बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं इसको चार लेन का कराया जाए। आगरा से बटेश्वर के लिए रेलवे लाइन का काम चल रहा है परंतु बड़ी धीमी गति से उसको अविलम्ब पूरा कराया जाए।
- बटेश्वर धाम पर्यटन की स्थिति से एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाया जाए जिससे मा0 अटल जी का नाम हमेशा के लिए अमर रहे।
- बटेश्वर में दीनदयाल धाम फरह (मथुरा) की तरह साल में एक राष्ट्रीय प्रोग्राम अटल जी के जन्मदिन पर होना चाहिए।